पाठ 10. बूझो पहेली

पाठ का उद्देश्य

यह दिमागी कसरत है। इससे बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ेगा। उनमें तर्क करने की क्षमता बढ़ेगी। पहेली को समझ कर उसका सही उत्तर देने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से ये पहेलियाँ पूछें।
- उन्हें उत्तर देने के लिए प्रेरित करें।
- कुछ संकेत भी बीच-बीच में देते जाएँ।
- गलत उत्तर देने पर उन्हें हतोत्साहित न करें।
- उन्हें सही उत्तर देने के लिए प्रेरित करें।

कुछ चित्र दिखाकर भी बच्चों से पहेलियों के रूप में प्रश्न पूछे जा सकते हैं।
कुछ अन्य पहेलियाँ बच्चे स्वयं कहीं से ढूँढ़कर लाएँ और अपने मित्रों से पूछें। इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। जब वे अपनी लाई पहेलियाँ दूसरे बच्चों से पूछेंगे तो इससे उनकी शारीरिक क्रिया संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। चित्र दिखाकर प्रश्न पूछने से बच्चों की चित्र एवं दृश्य संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।